1

उजियाली कलियाँ मुसकाई

उदय हुआ सूरज

पक्षी शीतल चंदा अँगड़ाई सुहानी



उदय हुआ सूरज पूरब में,
आसमान में छाई लाली।
रही न रात, न रहा अँधेरा,
रही न चंदा की उजियाली।

डाल-डाल पर बैठे पक्षी,
चह चह-चह चह चहक रहे हैं।
खिले फूल, मुसकाईं कलियाँ,
सारे उपवन महक रहे हैं।

हवा बह रही धीमी-धीमी,
शीतल, मंद और सुखदाई।
जाग गए हैं खेत-बाग-वन,
पेड़ ले रहे हैं अँगड़ाई।

कण-कण पर बिखरे हैं मोती,
कण-कण बिखरी हैं मणियाँ।
कितनी मनहर, कितनी सुंदर,
सुखद सुहानी ये घड़ियाँ !

—द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

Scanned with CamScanner

शब्दार्थ

उदय हुआ	=	निकला	सुखदाई	=	सुख देने वाली
उजियाली	=	प्रकाश	मनहर	=	मन को हर लेने वाली
उपवन	=	बगीचे	सुखद	=	सुख देने वाली

पाठ कौशल

प्रश्नों के उत्तर लिखो-

1. सूरज किस दिशा में निकला है? _____
2. सूरज निकलने पर अँधेरे का क्या हुआ? _____
3. पक्षी कहाँ बैठकर चहक रहे हैं? _____
4. कैसी हवा बह रही है? _____
5. सवेरे की घड़ियाँ कैसी लग रही हैं? _____
6. यह कविता किसने लिखी है? _____

कविता की इन पंक्तियों को पूरा करो-

हवा बह रही _____ ,
_____ ।
_____ खेत-बाग-वन,
_____ ।

कण-कण _____ ,
_____ मणियाँ।
कितनी _____ ,
_____ घड़ियाँ!

Scanned with CamScanner

इन शब्दों से मिलते-जुलते शब्द कविता से छाँटकर लिखो-

लाली _____ सुखदाई _____ मणियाँ _____

ठीक उत्तर के सामने ✓ चिह्न लगाओ-

1. सूरज निकलने पर आसमान में _____
   - (i) लाली छा गई। ☐
   - (ii) गर्द छा गई। ☐
   - (iii) चाँदनी छा गई। ☐
2. डाल पर बैठे पक्षी _____
   - (i) महक रहे हैं। ☐
   - (ii) चहक रहे हैं। ☐
   - (iii) शोर मचा रहे हैं। ☐

भाषा कौशल

पढ़ो, समझो और लिखो-

1. आसमान में छाई लाली। — आसमान में लाली छाई।
2. जाग गए हैं खेत-बाग-वन। _____
3. पेड़ ले रहे हैं अँगड़ाई। _____
4. कण-कण पर बिखरे हैं मोती। _____
5. रही न चंदा की उजियाली। _____

समान अर्थ वाले शब्द लिखो-

सूरज	_____	पूरब	_____
रात	_____	चंदा	_____
पक्षी	_____	उपवन	_____
शीतल	_____	वन	_____
पेड़	_____	मंद	_____

Scanned with CamScanner

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो-

1. सुख देने वाली _____
2. मन को हर लेने वाली _____
3. अच्छी लगने वाली _____

सही मेल मिलाओ-

अ	आ
1. चंदा की	(i) हवा
2. कलियाँ	(ii) घड़ियाँ
3. धीमी-धीमी	(iii) उजियाली
4. सुखद	(iv) महक रहे हैं
5. उपवन	(v) मुसकाईं

पढ़ो, समझो और अनेक को एक बनाओ-

मणियाँ – मणि

कलियाँ – _____

घड़ियाँ – _____

नदियाँ – _____

इन शब्दों से वाक्य बनाओ-

लाली _____

शीतल _____

अँगड़ाई _____

कण _____

फूल _____

Scanned with CamScanner